# बिहार विधान सभा सचिवालय

## आह्वान-पत्र

पत्र संख्या-कार्य०का०सू०-10/2022- 3588 /वि०स० ।

प्रेषक,

**पवन कुमार पाण्डेय**
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

सेवा में,

**माननीय सदस्यगण,**
बिहार विधान सभा,
(माननीय मुख्यमंत्री / माननीय उप मुख्यमंत्री / माननीय मंत्रीगण सहित)

पटना, दिनांक- 16 नवम्बर, 2022 ई० ।

महोदय/महोदया,

निदेशानुसार सूचित करना है कि बिहार के महामहिम राज्यपाल ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 174 के खण्ड (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार विधान सभा को सभा वेश्म, पटना में दिनांक-13 दिसम्बर, 2022 को 11.00 बजे पूर्वाह्न में अधिवेशित होने के लिए आहूत किया है ।

इस संबंध में महामहिम राज्यपाल द्वारा जारी आदेश के आलोक में संसदीय कार्य विभाग द्वारा निर्गत अधिसूचना संख्या-सं०का०-1/वि०मं०(सत्र)01-01/2022-870, दिनांक 10.11.2022 की प्रति पार पृष्ठ पर अंकित है ।

अतः बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-3 के अधीन मैं आपसे उक्त निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने के लिए अनुरोध करता हूँ ।

विश्वासभाजन,

15/11/22

(पवन कुमार पाण्डेय)
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

## बिहार सरकार

संसदीय कार्य विभाग

## :: अधिसूचना ::

पटना, दिनांक- 11.11.2022

संख्या-सं०का०-1/वि०मं०(सत्र)01-01/2022-870/ बिहार राज्यपाल का दिनांक-10.112022 का निम्नलिखित आदेश सर्वसाधारण के सूचना के लिए इसके द्वारा प्रकाशित किया जाता है :-

**''भारत के संविधान के अनुच्छेद 174 के खण्ड (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं, फागू चौहान, बिहार का राज्यपाल, इसके द्वारा बिहार विधान सभा को दिनांक-13 दिसम्बर, 2022 को 11.00 बजे पूर्वाह्न में बिहार विधान सभा वेश्म, पटना में अधिवेशित होने के लिए आहूत करता हूँ ।**

**फागू चौहान,**

राज्यपाल, बिहार ।''

पटना

दिनांक-10.11.2022

ह०/-

**(ब्रजेश मेहरोत्रा)**

अपर मुख्य सचिव ।

# बिहार विधान सभा सचिवालय

पत्र संख्या-कार्य०का०सू०-10/2022- 3589 /वि०स० ।

प्रेषक,

**पवन कुमार पाण्डेय**
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

सेवा में,

**माननीय सदस्यगण,**
बिहार विधान सभा,
(माननीय मुख्यमंत्री / माननीय उप मुख्यमंत्री / माननीय मंत्रीगण सहित)

पटना, दिनांक- 16 नवम्बर, 2022 ई० ।

विषय:- भारत के संविधान के अधीन गठित सप्तदश बिहार विधान सभा के सप्तम सत्र (दिसम्बर, 2022) का औपबंधिक कार्यक्रम ।

महोदय/महोदया,

सभा सचिवालय के पत्रांक कार्य०का०सू०-10/2022- 3588 /वि०स०, पटना, दिनांक- 16 नवम्बर, 2022 के क्रम में निदेशानुसार, मैं सप्तदश बिहार विधान सभा के सप्तम सत्र के औपबंधिक कार्यक्रम की एक प्रति संलग्न कर रहा हूँ, जिसमें यह दर्शाया गया है कि उक्त सत्र में होने वाली सभा की बैठकों में भिन्न-भिन्न कोटि के लिए कौन-कौन सी तिथियाँ नियत की गयी है:-

1. मंगलवार, दिनांक-13 दिसम्बर, 2022 को (i) शपथ ग्रहण या प्रतिज्ञान (यदि हो) किया जाएगा (ii) बिहार विधान मंडल के सत्र में नहीं रहने की अवधि में महामहिम राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित अध्यादेशों की प्रमाणीकृत प्रतियाँ सभा पटल पर रखी जाएगी । (iii) वित्तीय वर्ष 2022-23 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी का उपस्थापन होगा, तदुपरान्त शोक प्रकाश लिए जायेंगे ।

बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 176 (6) परन्तुक के साथ सहपठित नियम-24 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-2023 के आय-व्ययक से संबंधित द्वितीय अनुपूरक व्यय-विवरणी में सम्मिलित किसी मांग पर कटौती प्रस्तावों की सूचना देने की अन्तिम तिथि-13 दिसम्बर, 2022 (3.00 बजे अप० तक सचिव के कार्यालय कक्ष) नियत की गयी है ।

2. बुधवार, दिनांक-14 दिसम्बर, 2022 एवं वृहस्पतिवार, दिनांक-15 दिसम्बर, 2022 को राजकीय विधेयक एवं अन्य राजकीय कार्य का व्यवस्थापन होगा ।

3. शुक्रवार, दिनांक-16 दिसम्बर, 2022 को वित्तीय वर्ष 2022-23 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी पर वाद-विवाद, मतदान एवं तत्संबंधी विनियोग विधेयक का व्यवस्थापन होगा ।

## गैर सरकारी सदस्यों के कार्य

(गैर सरकारी संकल्प)

4. सोमवार, दिनांक-19 दिसम्बर, 2022 गैर सरकारी सदस्यों के कार्य (गैर सरकारी संकल्प) के लिए नियत की गई है ।

बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-150 के अनुसार गैर सरकारी संकल्पों की सूचना देने की अंतिम तिथि गैर सरकारी संकल्प के व्यवस्थापन हेतु नियत तिथि से 15 (पन्द्रह) दिन पूर्व निर्धारित है ।

अतएव तत्प्रयोजनार्थ केवल वे ही संकल्प ( गैर सरकारी) लिए जायेंगे जिनके संबंध में सूचनाएं निम्न अनुसूची में उल्लिखित तिथि तक प्राप्त हो जाए:-

**अनुसूची**

| गैर सरकारी संकल्प के लिए **नियत तिथि** | संकल्प की सूचना देने की **अंतिम तिथि** | शलाका के लिए **नियत तिथि** |
|---|---|---|
| सोमवार, दिनांक 19 दिसम्बर, 2022 | शुक्रवार, दिनांक-02 दिसम्बर, 2022 को 3.00 बजे अप० तक | सोमवार, दिनांक-12 दिसम्बर, 2022 (5.00 बजे अप०) |

मैं इस संबंध में आपका ध्यान बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-151 की ओर भी आकृष्ट करता हूँ जिसके अनुसार किसी सदस्य को गैर सरकारी संकल्पों के निबटाव के निमित निश्चित हर दिन के लिए एक से अधिक संकल्प की सूचना नहीं देने का प्रावधान है ।

**प्रश्न**

5. (क) प्रश्नों की सूचनाएँ देने के लिए चक्रानुवर्तित क्रम की सारणी अलग से परिचारित की जा रही है ।

(ख) विगत सत्रों में अपनायी गयी प्रक्रिया के अनुसार अल्प-सूचित एवं तारांकित प्रश्नों की प्राथमिकता शलाका द्वारा निर्धारित की जाएगी ।

6. सत्र में भिन्न-भिन्न कोटि के कार्यो के लिए उपर्युक्त नियत तिथियाँ ऐसे परिवर्त्तनों के अधीन है, जो समय-समय पर सदन में अभिज्ञापित किये जायेंगे अथवा दैनिक कार्य-सूची में दिखालाए जायेंगे ।

7. यदि किसी कार्यवश दिनांक-19 दिसम्बर, 2022 के पश्चात् भी सत्र चलाना आवश्यक प्रतीत हुआ, तो भिन्न-भिन्न कार्यो के निपटारे के लिए भिन्न-भिन्न तिथियाँ नियत करते हुए एक अनुपूरक कार्यक्रम बाद में निर्गत किया जायेगा ।

अत: अनुरोध है कि सभा सचिवालय से समय-समय पर प्रेषित कार्य-सूची सहित अन्य ऐसे कागजात को अवश्य साथ लाने की कृपा करेगें जो सत्रावधि में निदेश के लिए आपको आवश्यक प्रतीत हो ।

विश्वासभाजन,

15/11/22

(पवन कुमार पाण्डेय)
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-कार्य०का०सू०-10/2022- 3589 /वि०स०, पटना, दिनांक- 16 नवम्बर, 2022 ई० ।

प्रतिलिपि :- माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / माननीय उपाध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव एवं प्रधान आप्त सचिव, सचिवीय कार्यालय को क्रमश: माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

15/11/22

(राजीव कुमार)
उप सचिव, बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-कार्य०का०सू०-10/2022- 3589 /वि०स०, पटना, दिनांक- 16 नवम्बर, 2022 ई० ।

प्रतिलिपि :- बिहार विधान सभा के उप सचिवगण / मुख्य प्रतिवेदक/ अवर सचिव, श्रव्य एवं दृश्य इकाई, बिहार विधान सभा को सूचनार्थ प्रेषित ।

15/11/22

(राजीव कुमार)
उप सचिव, बिहार विधान सभा, पटना ।

## भारत के संविधान के अधीन गठित सप्तदश बिहार विधान सभा के सप्तम–सत्र का औपबंधिक कार्यक्रम

### दिसम्बर, 2022

| | |
|---|---|
| मंगलवार, दिनांक 13 दिसम्बर, 2022 | 1. शपथ या प्रतिज्ञान ग्रहण (यदि हो)।<br>2. बिहार विधान मंडल के सत्र में नहीं रहने की अवधि में महामहिम राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित अध्यादेशों की प्रमाणीकृत प्रतियों का सदन पटल पर रखा जाना (यदि हो)।<br>3. वित्तीय वर्ष 2022–2023 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी का उपस्थापन।<br>4. शोक प्रकाश (यदि हो)। |
| बुधवार, दिनांक 14 दिसम्बर, 2022<br>वृहस्पतिवार, दिनांक 15 दिसम्बर, 2022 | राजकीय विधेयक एवं अन्य राजकीय कार्य। |
| शुक्रवार, दिनांक 16 दिसम्बर, 2022 | वित्तीय वर्ष 2022–2023 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी पर वाद–विवाद, मतदान एवं तत्संबंधी विनियोग विधेयक। |
| शनिवार, दिनांक 17 दिसम्बर, 2022<br>रविवार, दिनांक 18 दिसम्बर, 2022 | बैठक नहीं होगी। |
| सोमवार, दिनांक 19 दिसम्बर, 2022 | गैर सरकारी सदस्यों के कार्य (गैर सरकारी संकल्प)। |

* * * * *

## बिहार विधान सभा सचिवालय

## सप्तदश बिहार विधान सभा का सप्तम-सत्र

## प्रश्नों के लिए चक्रानुवर्तित क्रम

निम्नलिखित तालिका के अनुसार दिनांक 13 दिसम्बर, 2022 से 19 दिसम्बर, 2022 तक होने वाले **सप्तम-सत्र** में माननीय सदस्यों के अल्पसूचित एवं तारांकित प्रश्न सदन में लिए जायेंगे :-

| वर्ग | मंत्री | विभाग | निर्धारित तिथियाँ |
|---|---|---|---|
| तृतीय वर्ग (बुधवार) | प्रभारी मंत्री | ग्रामीण कार्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, जल संसाधन विभाग, लघु जल संसाधन विभाग, पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण विभाग तथा श्रम संसाधन विभाग । | 14 दिसम्बर, 2022 |
| चतुर्थ वर्ग (वृहस्पतिवार) | प्रभारी मंत्री | कृषि विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग तथा सहकारिता विभाग । | 15 दिसम्बर, 2022 |
| पंचम वर्ग (शुक्रवार) | प्रभारी मंत्री | ऊर्जा विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग, पर्यटन विभाग, योजना एवं विकास विभाग, संसदीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं विधि विभाग । | 16 दिसम्बर, 2022 |
| प्रथम वर्ग (सोमवार) | मुख्यमंत्री / प्रभारी मंत्री | गृह विभाग, वाणिज्यकर विभाग, वित्त विभाग, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (मंत्रिमंडल सचिवालय, राजभाषा कार्यक्रम कार्यान्वयन एवं नागरिक विमानन), निगरानी विभाग, गन्ना उद्योग विभाग, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग, उद्योग विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, सूचना प्रावैधिकी विभाग तथा निर्वाचन विभाग । | 19 दिसम्बर, 2022 |

## प्रश्नों की सूचनाएँ प्राप्त करने की अंतिम तिथि निम्न प्रकार है :-

**"क" तारांकित**

| वर्ग-3 | वर्ग-4 | वर्ग-5 | वर्ग-1 |
|---|---|---|---|
| 30.11.2022 | 01.12.2022 | 02.12.2022 | 05.12.2022 |

**"ख" अल्पसूचित**

| वर्ग-3 | वर्ग-4 | वर्ग-5 | वर्ग-1 |
|---|---|---|---|
| 07.12.2022 | 08.12.2022 | 09.12.2022 | 12.12.2022 |

**नोटः**- सभी तिथियों को प्रश्न 3.00 बजे अपराह्न तक प्राप्त किए जायेंगे ।

अध्यक्ष, बिहार विधान सभा के आदेश से,

16/11/22

(पांडव कुमार सिंह)

उप सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञापांकः-प्रश्न विविध-01/2020- 3637 /वि०स०, पटना, दिनांक- 16 नवम्बर, 2022 ई० ।

प्रतिलिपिः-बिहार विधान सभा के माननीय सदस्यगण / माननीय मुख्यमंत्री / माननीय उप मुख्यमंत्री / माननीय मंत्रिगण / मुख्य सचिव, बिहार सरकार / राज्यपाल के प्रधान सचिव / लोकायुक्त के आप्त सचिव / कार्यकारी सचिव, बिहार विधान परिषद् / बिहार सरकार के सभी विभाग / मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग / संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

16/11/22

(पांडव कुमार सिंह)

उप सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञापांकः-प्रश्न विविध-01/2020- 3637 /वि०स०, पटना, दिनांक- 16 नवम्बर, 2022 ई० ।

प्रतिलिपिः-माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / माननीय उपाध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव एवं प्रधान आप्त सचिव, सचिवीय कार्यालय को क्रमशः माननीय अध्यक्ष महोदय / माननीय उपाध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा, पटना के सूचनार्थ प्रेषित ।

16/11/22

(पांडव कुमार सिंह)

उप सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञापांकः-प्रश्न विविध-01/2020- 3637 /वि०स०, पटना, दिनांक- 16 नवम्बर, 2022 ई० ।

प्रतिलिपिः-सभी उप सचिव / सभी अवर सचिव / सभी उप निदेशक / श्रव्य एवं दृश्य इकाई शाखा / प्रश्न शाखा के सभी पदाधिकारीगण एवं कर्मचारीगण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

16/11/22

(पांडव कुमार सिंह)

उप सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।

16.11.22

# बिहार विधान सभा सचिवालय

## शलाकन का कार्यक्रम

सप्तदश बिहार विधान सभा के सप्तम सत्र के कार्यक्रमानुसार माननीय सदस्यों के अल्पसूचित एवं तारांकित प्रश्नों की सूचना की पूर्वता निर्धारित करने के लिए शलाकन निम्न तालिका के अनुसार सभा भवन स्थित सचिव के कार्यालय कक्ष में 3.00 बजे अपराह्न में होगी :-

| प्रश्न वर्ग | मौखिक उत्तर देने की तिथि | अल्पसूचित प्रश्न | तारांकित प्रश्न |
|---|---|---|---|
| वर्ग-3 | 14.12.2022 | 12.12.2022 | 07.12.2022 |
| वर्ग-4 | 15.12.2022 | 12.12.2022 | 08.12.2022 |
| वर्ग-5 | 16.12.2022 | 12.12.2022 | 09.12.2022 |
| वर्ग-1 | 19.12.2022 | 15.12.2022 | 12.12.2022 |

अल्पसूचित एवं तारांकित प्रश्नों की सूचना देने वाले माननीय सदस्य (यदि चाहें तो) प्रश्नों के लिए ऊपर नियत शलाकन की तिथि को उपस्थित हो सकते हैं ।

प्रश्नों के संबंध में बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के उपबंध यथावत लागू रहेगा ।

शलाकन केवल स्वीकृत अल्पसूचित एवं तारांकित प्रश्नों का ही होगा ।

अध्यक्ष, बिहार विधान सभा के आदेश से,

16/11/22

(पांडव कुमार सिंह)

उप सचिव, बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञापांक-प्रश्न विविध-01/2020- 3636 / वि०स०, पटना, दिनांक- 16 नवम्बर, 2022 ई० ।

प्रतिलिपि :- बिहार विधान सभा के सभी माननीय सदस्यगण के सूचनार्थ प्रेषित ।

16/11/22

(पांडव कुमार सिंह)

उप सचिव, बिहार विधान सभा, पटना ।

16.11.22